सेवा में,

दिनांक 10.07.2024

श्री मजहर नईम नवाब,
उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग देहरादून,
कैम्प कार्यालय हल्द्वानी जिला नैनीताल।

विषयः– धन्यवाद पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक प्रा0लि0 शाखा सदर बाजार हल्द्वानी से सम्बन्धित एक प्रार्थना पत्र माननीय आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसमे दिनांक 20.06.2024 को माननीय आयोग द्वारा प्रार्थी को निर्देशित किया गया था।

जिसके क्रम मे प्रार्थी ने महोदय के स्तर से पूर्ण रकम 46,110/–रूपये को कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक प्रा0लि0 शाखा सदर बाजार हल्द्वानी में जमा करा दी थी।

उक्त क्रम मे बैंक द्वारा लोन की रकम जमा करते हुये प्रार्थी का लोन पूर्ण रूप से खत्म कर दिया गया है, जिसकी सूचना प्रार्थी को बैंक द्वारा पत्र के माध्यम से प्राप्त करा दी गई है। प्रार्थी अपने उक्त प्रकरण के निस्तारण के लिये महोदय/अल्पसंख्यक आयोग के समस्त महानुभव का आभारी है।

प्रार्थी
मो0 अजहर सिद्दीकी
निवासी किदवई नगर
हल्द्वानी जिला नैनीताल
मो0 नं0 9319937978

(जे0 एस0 रावत)
सचिव
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग
देहरादून